तमंग बौद्धों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किया जाना

2269. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री जगदीश प्रसाद माथुर :

क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को समंग बौद्धों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो अभ्यावेदन में किन-किन बातों पर बल दिया गया है ; और

(ग) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) से (ग) मेघालय, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के तवांग बौद्धों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के संबंध में विभिन्न वर्गों से प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं । ऐसे सभी प्रतिवेदनों को सरकार के दिनांक 13-10-93 के संकल्प द्वारा गठित की गई एक सलाहकार समिति की सिफारिशों हेतु भेजा गया है । इस समिति की रिपोर्ट प्रतीक्षित है ।

National policy on rehabilitation of displaced tribals

2270. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have finalised the National Policy on Rehabilitation of displaced tribals;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons for inordinate delay?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The draft National Policy is under consideration at various stages.

अन्य पिछड़े वर्गों को आयु-सीमा में छूट दिया जाना

2271. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनुसूचित जनजातियों के समान अन्य पिछडे वर्गों के व्यक्तियों को भी सरकारी और सरकारी क्षेत्र की नौकरियों के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की सुविधा प्रदान करने से संबद्ध कोई प्रस्ताव सरकार के विचराधीन है : और

(ख) यदि हां, तो इस पर कब तक निर्णय लिए जाने की संभावना है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०वी० तंगकाबालू) : (क) और (ख) मामले की जांच की जा रही है ।

अनुसूचित जाति की महिलाओं को वित्तीय सहायता

2272. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हरियाणा सरकार ने चौधरी देवीलाल की अध्यक्षता में एक योजना आरम्भ की थी कि अनुसूचित जाति की प्रत्येक महिला को उसके प्रथम शिशु के जन्म के तुरंत बाद 300 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी ;

(ख) क्या उनके मंत्रालय में ऐसी योजना पूरे देश में आरम्भ किए जाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ग) यदि हां, तो ऐसी योजाना कब तक आरम्भ की जाएगी ; और